बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 286865 (R), 224771 (O)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
सुरेन्द्र राय
दूरभाष : 223435 (R)

Truth will Triumph

पत्र संख्या 8

पटना
दिनांक 28-02-03

सेवा में,

मुख्य सचिव,
बिहार पटना ।

विषय:- श्री सी0 के0 अनिल, भा0 प्र0 से0 के द्वारा गलत यात्रा भत्ता भुगतान प्राप्त करने के आरोप में बर्खास्तगी के सम्बन्ध में ।

प्रसंग:- बि0 प्र0 से0 सं0 का पत्र संख्या 23, पटना दिनांक 14. 3. 2002 .

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का संदर्भ करें । इस पत्र द्वारा श्री सी0 के0 अनिल, भा0प्र0से0 के विरुद्ध आरोपों से सम्बन्धित कागजात संलग्न करते हुए उनको अविलम्ब बर्खास्त करते हुए उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने तथा उन्हें संरक्षण देने वाले उच्च पदस्थ नौकरशाहों के खिलाफ जाँच कर अविलम्ब कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था । परन्तु लगभग साढ़े ग्यारह माह बीत जाने के बाद भी उक्त पत्र से सम्बन्धित बिन्दुओं पर कृत कार्रवाई की सूचना संघ को अप्राप्त है ।

ज्ञातव्य हो कि आपको सम्बोधित उक्त पत्र की प्रति माननीय लोकायुक्त, बिहार, पटना को भी दी गयी थी । माननीय लोकायुक्त द्वारा इस पत्र पर संज्ञान लेते हुए इसका निबंधन किया गया जिसका निबंधन संख्या जेड-5/2002 है। उक्त सूचना लोकायुक्त कार्यालय के पत्र सं0 जेड 5/02-89/लोक0 जेड दिनांक 2. 8. 02 द्वारा दी गई है ।

माननीय लोकायुक्त द्वारा इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी से शपथ पत्र प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई तथा इस परिवाद की सुनवाई

पृ0...2.....

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 286865 (R), 224771 (O)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
सुरेन्द्र राय
दूरभाष : 223435 (R)

Truth will Triumph

पत्र संख्या ....

पटना

दिनांक..........................

हेतु साक्ष्य सहित मुझे दिनांक 28.02.03 को उपस्थित होने की सूचना दी गई। दिनांक 28.02.03 को सुनवाई के क्रम में माननीय लोकायुक्त द्वारा भवदीय को सम्बोधित प्रासंगिक पत्र जिसकी प्रति उन्हें दी गई है, पर राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना देने की अपेक्षा की गई । उन्होने राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना अगली तिथि दिनांक 25.03.03 को उपलब्ध कराने का निदेश दिया है ।

अतः अनुरोध है कि दिनांक 25.3.03 के पूर्व संघ को प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में की गई कार्रवाई की सूचना उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,

गंगाधर लाल दास 28-02-03

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव

ज्ञापांक-____________/ दिनांक- ________________/

प्रतिलिपि- सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को सूचनार्थ । अनुरोध है कि वांछित सूचना समय पूर्व उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाय ।

गंगाधर लाल दास 28-02-03

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव

ज्ञापांक-____________/ दिनांक-______________/

प्रतिलिपि-लोकायुक्त के उप सचिव बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

गंगाधर लाल दास 28-02-03

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव